सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 16 मई, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) सोमवार को 'बुद्ध पूर्णिमा' के अवसर पर क्लेमंटाउन स्थित बुद्धा टेम्पल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की समृद्धि व खुशहाली के लिए वहां प्रार्थना की। उन्होंने बुद्धा टेम्पल के प्रबंधक तेंक्याब लामा से मंदिर के स्तूप सहित इसके इतिहास आदि की जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि यहाँ आकर एक सुखद अनुभूति हुई है। उन्होंने मंदिर की कलाकृति, संरचना और वहाँ के प्राकृतिक सौन्दर्य की बेहद प्रशंसा की।

...........0.............